सार-समाचार

कलेक्टर व वरिष्ठ अधिकरियों ने लिया जायजा

पुष्कर (निसं)। तीर्थराज पुष्कर ब्रह्मा जी की नगरी, जहाँ हर वर्ष श्रद्धा और लोक संस्कृति का संगम देखने को मिलता है। इसी परंपरा को सहेजने के लिए इस वर्ष भी जिला प्रशासन ने तैयारियाँ तेज कर दी हैं। आगामी 22 अक्टूबर से शुरू होने वाले पुष्कर मेला 2025 की व्यवस्थाओं का जायजा लेने मंगलवार को जिला कलेक्टर लोकबंधु और जिला पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा ने अफसरों की टीम के साथ ग्राउंड जीरो पर निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मेला मैदान, पशु मेला स्थल, पार्किंग और यातायात मार्गों का अवलोकन किया। इस दौरान नगर परिषद, पुलिस और अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

विकास मुद्दों को लेकर हुई की मुलाकात

मेड़ता सिटी (निसं)। मेड़ता विधायक लक्ष्मण राम कलरु ने अपने एक दिवसीय प्रवास के दौरान नाथद्वारा में राजसमंद सांसद महिमाकुमारी मेवाड़ से शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर मेड़ता विधायक कलरू ने सांसद महिमा कुमारी से मेड़ता विधानसभा क्षेत्र से जुड़े विभिन्न सामाजिक और जनहित तथा विकास के मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा की । इस दौरान हरसोलाव सरपंच प्रतिनिधि राकेश गुर्जर और रोहिसा सरपंच राजूराम गौड़ भी मौजूद रहे।

आरपीएससी की चारदीवारी से 300 मीटर परिधि क्षेत्र में निषेधाज्ञा लागू

अजमेर,(कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग की चारदीवारी से 300 मीटर दूरी तक निषेधाज्ञा लागू की गई है। जिला मजिस्ट्रेट लोक बन्धु ने बताया कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अन्तर्गत राजस्थान लोक सेवा कार्यालय अजमेर की बाह्य चारदीवारी से तीन सौ मीटर परिधि क्षेत्र की सीमाओं के अन्दर आगामी 60 दिवस के लिए निषेधाज्ञा लागू की गई है। उन्होने बताया कि इस संबंध में जारी आदेश के तहत प्रतिबंधित क्षेत्र में पांच या पांच से अधिक व्यक्ति एकत्र होकर किसी भी प्रकार का जमाव, धरना, प्रदर्शन, नारेबाजी नहीं कर पाएंगे, ना ही प्रतिबंधित क्षेत्र में किसी भी प्रकार के ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग कर सकेंगे। यह आदेश ड्यूटी पर तैनात राजस्थान सशस्त्र पुलिस बल, राजस्थान सिविल पुलिस बल, होम गार्ड एवं राजस्थान लोक सेवा आयोग के अधिकारियों, कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा।

जल संसाधन मंत्री आज अजमेर में

अजमेर,(कासं)। जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत बुधवार सुबह 10 बजे रीट सभागार में डीएमएफटी मीटिंग में सम्मिलित होंगे। इसके बाद उनका जयपुर के लिए प्रस्थान का कार्यक्रम है।

राष्ट्रीय राजमार्गों पर लेन ड्राइविंग हेतु पुलिस, परिवहन एवं एनएचएआई की संयुक्त पहल

■ राष्ट्रीय राजमार्गों पर लेन ड्राइविंग व्यवस्था को सख्ती से लागू किया जाये व एक व्यापक जागरूकता एवं प्रवर्तन अभियान चलाया जाये

ब्यावर (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह आईपीएस ने बताया की 14.अक्टूबर को राष्ट्रीय राजमार्गों पर यातायात को सुचारू रूप से संचालित करने, दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं लेन ड्राइव सिस्टम की प्रभावी पालना सुनिश्चित करने हेतु कार्यालय के संभागार में मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र शर्मा आरपीएस, वृत्ताधिकारी वृत्त ब्यावर, मसूदा, थानाधिकारी पुलिस थाना बिजयनगर, जिला यातायात प्रभारी , जिला परिवहन अधिकारी , खनन विभाग पीडब्ल्यूडी, एनएचएआई के प्रतिनिधिगण, ट्रासपोर्ट एसोशियसन, लघु उद्योग संघ , श्री सिमेन्ट, अंबुजा सिमेन्ट, निरमेक्स सिमेन्ट, अल्ट्राटेक सिमेन्ट के प्रबंधक एवं टॉल प्लाजा प्रबंधक के अधिकारीगण उपस्थित रहे। मीटिंग के दौरान निर्णय लिया गया कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर लेन ड्राइविंग व्यवस्था को सख्ती से लागू किया जाये एवं एक व्यापक जागरूकता एवं प्रवर्तन अभियान चलाया जाये, जिसमें वाहन चालकों को लेन ड्राइविंग के महत्व, नियमों व उल्लंघन की स्थिति में दंडात्मक कार्रवाई की जानकारी दी जा सके।

लेन ड्राइविंग की अनिवार्यता: बैठक में राष्ट्रीय राजमार्गों पर लेन के अनुसार वाहन संचालन हेतु सख्ती से पालना की जाना सुनिश्चित की जाये।जागरूकता अभियान आमजन व वाहन चालकों को लेन ड्राइविंग के लाभ, नियमों व दंड प्रावधानों के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष प्रचार-प्रसार अभियान चलाया जाकर जागरूक किये जाये।

प्रवर्तन की रणनीति: लेन उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध चालान, स्पॉट फाइन सहित आवश्यक कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जावे। उल्लंघन करने एम.वी. एक्ट की धारा 119/179 व 177ए के तहत प्रथम बार 500/- रूपये व दूसरी बार 1000/- रूपये जुर्माना वसूला जायेगा।

सीसीटीवी व निगरानी: तंत्र-एनएचएआई द्वारा लगाए गए सीसीटीवी कैमरों एवं आईटीएमएस पर आधारित सिस्टम की मदद से यातायात नियमों के उल्लंघन करने वालो पर निगरानी रखी जाकर आवश्य कार्यवाही की जाये।

इंटर-एजेंसी कोऑर्डिनेशन: पुलिस परिवहन एवं एनएचएआई के बीच समन्वय स्थापित कर अभियान को प्रभावी एवं सफल बनाया जावे। जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करते हुए इस अभियान को सफल बनाने के लिये आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये गये। साथ ही, आम नागरिकों से अपील की गई कि वे यातायात नियमों का पालन करें और निर्धारित लेन में वाहन चलाकर सुरक्षित यातायात व्यवस्था में सहयोग करें।

पूर्व अध्यक्ष थानवी ने ईओ को सौंपा ज्ञापन

मेड़ता सिटी(निसं)। दीपावली को देखते हुए मेड़ता नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अनिल थानवी ने ज्ञापन प्रस्तुत किया जिसमें थानवी ने मांग की के मेड़ता नगर पालिका मीर द्वारा से लेकर नगर पालिका सभागार तक सभी सरकारी बिल्डिंगों के बाहर एक तरह का कलर का कार्य एवं मेड़ता क्षेत्र में बने हुए सभी सुलभ कंपलेक्स जिनकी रिपेयरिंग सुवास्थित साफ सफाई कलर का कार्य नगर पालिका द्वारा करवाया जाए ज्ञापन में थानवी ने बताया कि दीपावली के अवसर पर नगर पालिका की सभी बिल्डिंग जिन पर आकर्षक लाइटिंग की व्यवस्था जेथलीया विश्रामगृह मीरा वाटिका महाकवि व्रद जय नारायण व्यास सर्किल गांधी चौक पब्लिक पार्क मीरा वाचनालय सभी जगह आकर्षक लाइट नगर पालिका द्वारा लगाई जावे ज्ञापन में थानवी ने पब्लिक पार्क में बंद पड़े फुव्वारे टूटे हुए झूले सभी की मरम्मत करा कर पुन चालू करवाए साथ ही मेड़ता नगर पालिका क्षेत्र में है सभी मार्केट में लगी हुई लाइटिंग व्यवस्था जिसमें सबसे अच्छी सजावट हो उनको पुरस्कार नगर पालिका द्वारा दिया जावे ताकि मेड़ता नगर पालिका क्षेत्र में सजावट एवं रोशनी शानदार हो सके ऐसे मार्केट वालों को पुरस्कार देकर सम्मानित करें मेड़ता के सभी वार्डों में अलग से टीम बनाकर साफ-सफाई की माकूल व्यवस्था करवाई ताकि आने वाली दिवाली मेड़ता में ऐतिहासिक हो सके।

पुलिस थाना सेन्दडा ने किया 15 दिन में 3 दुपहिया वाहन चोरी की वारदातो का खुलासा

■ 01 शातिर वाहन चोर गिरफ्तार,चोरी की 1 मोटरसाईकिल बरामद

ब्यावर (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह आईपीएस के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र शर्मा, आरपीएस एवं वृत्ताधिकारी वृत्त जैतारण, सतेन्द्र सिंह नेगी आर. पी. एस के निकटतम सुपरविजन में थानाधिकारी सेन्दडा रामकिशन उ.नि. मय टीम द्वारा मोटरसाईकिल चोरी के प्रकरण का खुलासा करते हुए एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार कर कब्जे से 01 चोरी की मोटरसाईकिल की बरामद करने में सफलता मिली।

जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह ने बताया कि 13 अक्टूबर को पांचू सिंह रावत,निवासी रामावास ने पुलिस थाना सेन्दडा पर उपस्थित होकर एक रिपोर्ट पेश की कि मैं 11 अक्टूबर 2025 को मैं मेरे साडु के पास धोलीधेड बाडीया रामावास गया। मैंने मेरी मोटरसाईकिल स्पेलण्डर प्लस मेरे साडू के घर के बाहर खडी की जिसे रात्रि में अज्ञात चोर चोरी करके ले गये। जिस पर प्रकरण दर्ज कर मोटरसाईकिल व अज्ञात चोरो की तलाश शुरू की गई। पुलिस कार्यवाही आये दिन बढ रही संपति संबंधी वारदातो को गंभीरता से लेते हुए एव उन पर अंकुश लगाने हेतु थाना स्तर पर एक विशेष टीम का गठन किया जाकर टीम द्वारा घटना स्थल के आस पास के सीसीटीवी फुटेज चैक किये गए।

घटना स्थल के आस पडोस के लोगो से पूछताछ, आसूचना संकलन एवं तकनिकी डाटा विशलेषण के आधार पर एक संदिग्ध युवक को डिटेन किया जाकर पुलिस टीम द्वारा गहनता व मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा पास घोलीधेड बाडीया रामावास से मोटरसाईकिल चोरी करना स्वीकार करने पर आरोपी सुरेश सिंह पुत्र देवी सिंह, रावत, उम्र 38 साल, निवासी गेना का बाडीया, बुटीवास को गिरफ्तार कर कब्जे से 01 चोरी की मोटरसाईकिल बरामद करने में पुलिस टीम को सफलता प्राप्त हुई। पुलिस टीम द्वारा शातिर वाहन चोर से पूछताछ एवं अनुसंधान जारी है जिससे ओर भी वारदाते खुलने की संभावना है।

खाद्य विभाग की बड़ी कार्यवाही, 2175 किलो मिलावटी मावा पकड़ा

अजमेर,(कासं)। स्वास्थ्य विभाग और फूड सेफ्टी टीम द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत दीपावली पर्व के मद्देनजर बाजारों में मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने के लिए टीम ने मंगलवार को बड़ी कार्यवाही अंजाम दी। अहमदाबाद से प्राइवेट बस के जरिए अजमेर लाया गया 2175 किलो मिलावटी मावा और मिल्क केक पकड़ा और कार्यवाही करते हुए जब्त माल को नष्ट कराया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी दीपक कुमार ने बताया कि त्योहारी सीजन में मिलावटखोर सक्रिय हो जाते हैं और लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करते हैं। इसके तहत शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान के तहत ब्यावर रोड स्थित बस को रोका गया। अहमदाबाद से आई इस बस में भारी मात्रा में बिना लेबल और बिना निर्माण तिथि वाले मावे के पैकेट बरामद किए गए।

आत्मनिर्भर सम्मेलन में स्वदेशी व संगठनात्मक शक्ति पर जोर

मदनगंज-किशनगढ़,(निस)। भाजपा द्वारा आयोजित आत्मनिर्भर भारत संकल्प सम्मेलन सिलोरा टेक्सटाइल्स पार्क में संपन्न हुआ। जलदाय मंत्री सुरेश सिंह रावत, अजमेर शहर जिलाध्यक्ष रमेश सोनी ने स्वदेशी अपनाने के साथ संगठनात्मक शक्ति पर जोर देते हुए कहा की आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने के लिये सभी की भागीदारी सुनिश्चित हो। सभापति दिनेश सिंह राठौड़ व युवा नेता सुभाष चौधरी ने स्वदेशी अपनाने का आव्हान करते हुए कहा की वर्तमान परिपेक्ष में आत्मनिर्भर बनना होगा, ताकि रोजगार के अवसर मिल सके। जिला सह संयोजक पंकज पहाडिया, सिलोरा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण पहलवान, महामंत्री एडवोकेट मदनलाल जांगिड, पंकज पहाडिया, हीरालाल जांगिड, श्योराम मेघवंशी हरी मालाकार ने अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान पार्षद शंकर शर्मा, पंचायत समिति सदस्य सीमा अखावत, जोरावर सिंह, राजू माली, अर्जुन, दिलीप जादम, हनुमान सांखला, विश्राम, जयसिंह, मिश्रीनाथ जोगी, आशीष रारी, भेरूलाल, तेजपाल राठौड, राजेंद्र बैरवा, सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

हज़रत दीना शाह बाबा चढ़ावाटा उर्स 7 नवम्बर से

■ 8 नवम्बर को आयोजित होगी महफिले कव्वाली

ब्यावर (निसं)। हिन्दू मुस्लिम एकता के प्रतीक शहर से मात्र 9 किलोमीटर दूर अरावली पर्वतमाला की पहाड़ियों के बीचों बीच स्थित दरगाह सूफी संत हज़रत दीना शाह बाबा चढ़ावाटा रूपनगर के सालाना उर्स की मीटिंग दरगाह परिसर में रखी गई। बैठक की अध्यक्षता पुर्व प्रधान लाल मोहमद एवं संरक्षक नबाब चाचा पूर्व सरपंच रूपनगर, महामंत्री देवकीनंदन शर्मा के सानिध्य में हुई। मेला कमेटी कोषाध्यक्ष चांद मोहमद ने आय व्यय खर्च का भी बताया और निर्धारित दिनांक पर बाबा का उर्स बड़ी शानौ शौकत के साथ भरा जायेगा।

मेला संयोजक पप्पू काठात कर्बला मार्ग ने बताया कि 81वां उर्स का 7 को झण्डा चढ़ाने की रस्म के साथ उर्स शुरू हो जायेगा। जिसके लिए झण्डा कमेटी के प्रभारी महामंत्री गुलजार राही व सलीम सोनी को जिम्मेदारी दी गई। रात्रि 10बजे बाबा के आस्ताने यानि दरगाह में चांद जी प्रजापत व दरगाह मुजावरो, खादिम दुवारा गुसल का प्रोठाम करवाया जायेगा। दिनांक 8 नवंबर को हिंदुस्तान के मशहूर कव्वाल व कव्वाला द्वारा बाबा की शान में कव्वालियां पेश की जाएगी। प्रोग्राम में हिंदु मुस्लिम जायरीन बराबर संख्या में शिरकत करते हैं।अजमेर भीलवाड़ा राजसमंद पाली नागौर ब्यावर इन सभी जिलों से जायरीन आते हैं। बाबा की दरगाह में अकीदत के फुल चादर चढा कर मन्नत मांगते है। आयोजनकर्ता कमेटी द्वारा कानुन अनुशासन बनाये रखने हेतु पुलिस व महिला पुलिसकर्मी की भी व्यवस्था करेंगे।

पुष्कर में गोली चलने या नहीं चलने की पुलिस कर रही है जाँच

■ पुलिस ने गोली नुमा बरामद किया जाँच के बाद पता चलेगा

पुष्कर(निसं)। खबर सही है या झूठी लेकिन पुष्कर मेले के पहले इस घटना से पुलिस के कान खडे हो गए. पुलिस ने गोली जैसा कारतूस बरामद किया है जाँच के बाद पता चलेगा। पुष्कर में फायरिंग की खबर से पुष्कर पुलिस पहुची घटना स्थल पर घटना की सूचना पर पुष्कर पुलिस के सी आई विक्रम सिंह राठौर, एएसआई छितर वैष्णव और कास्टेबल जितेंद्र मौके पर पहुंचे ।

सोशल मीडिया पर पुष्कर नगर परिषद यात्री कर नाके के पास स्थित पंच मुखी हनुमान मन्दिर पर अज्ञात लोगो के द्वारा की फयरिंग की सूचना से पुष्कर मे अफरा तफरी मच गयी, हालाकी पुलिस इसे अफवाह मान रही है। पास में रहने वाले शिवाजी महाराज ने बताया कि गोली की तेज आवाज आयी है फायरिंग हुई है। गोली का खोल ट्राफिक पुलिस कास्टेबल ने उठाया है।

शिव जी महाराज घटना कि पुष्टि कर रहे है. पुलिस मामले की जाँच कर रही है सी सी टीवी खंगाल रही है। पुलिस के एएसआई छितर मल वैष्णव ने बताया की गोली जैसा कारतूस बरामद किया है लेकिन यह कहना अभी उचित नहीं है की ये गोली ही है। इसे जाँच के लिए फॉरेसिक टीम के पास भेजा जायेगा उसके बाद ही पता चलेगा।

अब प्रश्न ये उठता है कि गोली चली किस पर चली और क्यों चलाई गयी। कोई रंजिश थी या केवल यु ही चलायी गयी। उस समय इधर सो कौन कौन गुजरे है ये पूरी जाँच की जा रही है।

विभिन्न स्थानों पर शहरी क्षेत्रों में होंगे शिविर आयोजित

अजमेर,(कासं)। सेवा पखवाड़ा 2025 के अन्तर्गत जिले के शहरी क्षेत्रों में बुधवार 15 अक्टूबर को विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिला कलैक्टर लोक बन्धु ने बताया कि बुधवार को अजमेर में वार्ड संख्या एक से 25 के लिए फॉलोअप कैंप नगर निगम कार्यालय पुराना भवन में, केकड़ी में वार्ड संख्या 37 से 40 के लिए पारिक संस्था में, किशनगढ़ के वार्ड संख्या 55 से 56 के लिए नगर परिषद मुख्य कार्यालय में, नसीराबाद के वार्ड राजस्व ग्राम नांदला के लिए नांदला पुराना पंचायत भवन में, पीसांगन के वार्ड संख्या 21 से 22 के लिए कार्यालय परिसर नगरपालिका में, पुष्कर के वार्ड संख्या 20,21,23,24, 25 के लिए नगर परिषद कार्यालय में, सावर के वार्ड संख्या 12 से 15 फॉलोअप कैम्प के लिए नगर पालिका कार्यालय में तथा टांटोटी के वार्ड संख्या 7 से 8 के लिए फॉलोअप कैंप नगर पालिका कार्यालय में शहर चलो अभियान 2025 के शिविर लगाए जाएंगे।

परिफेरल आर्टेरियल डिजीज का सफल ऑपरेशन, मरीज बोली मिला नया जीवन

■ डॉ. हेमेश्वर हर्षवर्धन ने कहा कि आधुनिक तकनीकों से मरीजों को बिना सर्जरी राहत दी जा रही है

अजमेर(कासं)। जेएलएन मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के पीएमआर विभाग ने परिफेरल आर्टेरियल डिजीज से पीडित् एक महिला मरीज का पैर आधुनिक तकनीक और टीमवर्क के जरिए बिना सर्जरी के काटने से बचा लिया गया । धुधरा निवासी महिला मरीज पिछले एक वर्ष से दाहिने पैर में असहनीय दर्द, सूजन और अंगूठे में अल्सर से पीडित् थीं। कई अस्पतालों में इलाज के बाद भी जब राहत नहीं मिलीए तो उन्हें अम्प्यूटेशन (पैर काटने) की सलाह दी गई। महिला ने जेएलएन अस्पताल के पीएमआर विभाग में परामर्श लिया। इसके बाद उन्हें भर्ती कर उपचार शुरू किया गया।

मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. अनिल सामरिया ने बताया कि डॉ. प्रीति सोनी की देख रेख में मरीज को भर्ती किया गया और गाइडेड लम्बर सिम्पेथेटिक गैंग्लियन ब्लॉक तकनीक के जरिए उपचार शुरू किया गया। कुछ ही सप्ताह में दर्द में कमी आई और घाव तेजी से भरने लगा। अब मरीज सामान्य रूप से चल फिर रही हैं और उन्हें सर्जरी की आवश्यकता नहीं पड़ी। अधीक्षक डॉ. अरविंद खरे ने बताया कि पीएमआर विभाग में दर्द प्रबंधन, न्यूरोलॉजिकल रिहैबिलिटेशन,स्ट्रोक,स्पाइनल इंजरी और अन्य क्रॉनिक बीमारियों का इलाज किया जा रहा है। विभागाध्यक्ष डॉ. हेमेश्वर हर्षवर्धन ने कहा कि आधुनिक इंटरवेंशनल तकनीकों से मरीजों को बिना सर्जरी राहत दी जा रही है।

दीपावली पर प्रशासन का रात्रि गश्त

ब्यावर (निसं)। दीपावली पर्व के मद्देनज़र उपखंड अधिकारी दिव्यांश सिंह के नेतृत्व में सोमवार देर रात प्रशासन एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा शहर में रात्रि गश्त की गई। टीम द्वारा पाली बाजार, सुभाष उद्यान, रेलवे स्टेशन तथा बस स्टैंड क्षेत्रों में पैदल गश्त कर स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान बिना वजह झुंड बनाकर बैठे हुए लोगों को समझाइश दी गई तथा देर रात तक अनावश्यक रूप से घूमने पर रोक लगाने के निर्देश दिए गए। उपखंड अधिकारी दिव्यांश सिंह ने बताया कि दीपावली पर्व पर कानून-व्यवस्था एवं जन सुरक्षा बनाए रखने के लिए नियमित निगरानी की जा रही है।

भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से ग्रोथ कर रही है : विधायक भदेल

■ जीएसटी रिफॉर्म्स को लेकर अजमेर दक्षिण विधानसभा के व्यापारियों से होगी चर्चा

अजमेर(कासं)। जीएसटी रिफॉर्म्स पर व्यापारियों के साथ चर्चा करने को लेकर अजमेर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में बुधवार को विधानसभा सम्मेलन आयोजित होगा। होटल डाटा इन में कार्यक्रम को लेकर तैयारियां की गई है, जिसमें व्यापारियों को आमंत्रित किया गया है। मंगलवार को विधायक अनिता भदेल ने प्रेसवार्ता कर कार्यक्रम की जानकारी दी।

अजमेर दक्षिण विधायक अनिता भदेल ने मंगलवार को विधायक कार्यालय पर आयोजित प्रेसवार्ता में आगामी बुधवार को शाम 4 बजे श्रीनगर रोड स्थित होटल दाता इन में होने वाले विधानसभा सम्मेलन की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में अजमेर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के सभी व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि और व्यापारीगण सम्मिलित होंगे। भदेल ने कहा कि सम्मेलन में भाजपा के पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष श्याम अग्रवाल मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे। जो जीएसटी रिफार्म और आत्मनिर्भर भारत विषय पर व्यापारी वर्ग को संबोधित करेंगे।

भाजपा सरकार के दो वर्षों में हुए विकास के ऐतिहासिक कार्य - विधायक भदेल ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार के दो वर्ष पूरे होने जा रहे हैं और इस अवधि में विकास के अनगिनत कार्य हुए हैं। उन्होंने बताया कि सरकार ने युवाओं को रोजगार देने हेतु राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्ट समिट 2024 के माध्यम से करोड़ों का निवेश आकर्षित किया है।

जीएसटी रिफार्म से आमजन को राहत - भदेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा लागू जीएसटी सुधार ने व्यापार जगत व आमजन दोनों को राहत दी है। लगभग 400 से अधिक रोजमर्रा की वस्तुओं के दामों में कमी आई है। उन्होंने बताया कि पहले जो वस्तुएँ 28, 18 या 12 प्रतिशत जीएसटी स्लैब में आती थींए अब वे घटकर 5 प्रतिशतए 12 प्रतिशत या शून्य प्रतिशत तक रह गई हैं।

उन्होंने कहा कि वर्ल्ड बैंक के अनुसार भारत की जीडीपी 6.8 प्रतिशत की दर से आगे बढ़ रही हैए जो मोदी सरकार की मजबूत अर्थव्यवस्था और महंगाई पर नियंत्रण का परिणाम है। कांठोस सरकार के समय भारत की अर्थव्यवस्था 11वें स्थान पर थी जबकि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत 5वें स्थान पर है और शीघ्र ही चौथे स्थान पर पहुंचने की दिशा में अग्रसर है।

शुद्धि पत्र

दिनांक 6.10.2025 को राष्ट्रदूत समाचार पत्र में प्रकाशित अजमेर विकास प्राधिकरण की पृथ्वीराज नगर योजना में जानकी शिवानी पुत्री स्व. मूलचन्द बदलानी पत्नी रमेश शिवानी के नाम से फ्री होल्ड पट्टे की आम सूचना के लिए आवेदन किया गया है जिसमें भूखण्ड संख्या एफ-329 भूलवश छप गया है जिसकी जगह भूखण्ड संख्या एफ 379 पढ़ा जावें।

आम सूचना

मेरी बहन काली देवी पुत्री चन्द्रनाथ जाति जोगी निवासी ग्राम जोगीनाड़ा डाँग की मृत्यु दिनांक 5/6/1989 को मेरे स्थान पर ग्राम जोगीनाड़ा डाँग में हो गई थी। जिसका पूर्व में इन्द्राज ग्राम पंचायत भामोलाव में नहीं करवाया था। अब मैं मेरी बहन काली देवी का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अरांई तहसील कार्यालय में आवेदन किया है। मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने बाबत जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो 7 दिन में मय दस्तावेज के साथ अरांई तहसीलदार के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

- प्रार्थी- रूपचन्द जोगी पुत्र चन्द्रनाथ जोगी, निवासी ग्राम जोगीनाड़ा डाँग तहसील अरांई, अजमेर

आम सूचना

मैं, मेरी पक्षकारा संतोष पत्नी रामदास, आयु 44 वर्ष निवासी बालाजी नगर, कल्याणीपुरा अजमेर की ओर से सर्वसाधारण आम व खास को सूचित करता हूं कि मेरी पक्षकारा का पुत्र विशाल, पुत्रवधु सुमन, पोता प्रियांश, पुत्र विमल, पुत्रवधु काजल मेरी पक्षकारा के कहने व सुनने में नहीं है तथा मेरी पक्षकारा तथा मेरी पक्षकारा के साथ दुर्व्यहार करते है जिस कारण मेरी पक्षकारा पुत्र विशाल, पुत्रवधु सुमन, पोता प्रियांश, पुत्र विमल, पुत्रवधु काजल को मेरी पक्षकारा की समस्त चल एवं अचल सम्पति से बेदखल करती है तथा यदि कोई व्यक्ति मेरी पक्षकारा के पुत्र विशाल, पुत्रवधु सुमन, पोता प्रियांश, पुत्र विमल, पुत्रवधु काजल के साथ कोई लेनदेन संव्यवहार करता है या संबंध रखता है तो समस्त जिम्मेदारी उसकी स्वयं की होगी। -एडवोकेट कुशाल सोनी,सेशन कोर्ट,अजमेर

अजमेर विकास प्राधिकरण,अजमेर

लोक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राजेन्द्र सिंह पुत्र श्री मदन सिंह की ग्राम किरानीपुरा के खसरा नंबर 1661/2803 भूखण्ड संख्या...में क्षेत्रफल 190.35 वर्गगज के भूखण्ड की पत्रावली नियमन हेतु प्रक्रियाधीन है। उक्त नियमन के संबंध में दैनिक समाचार पत्र में विज्ञप्ति जारी कर 7 दिवस की आपत्ति आमंत्रित की जाती है। अतः किसी भी हितबद्धकारी को इस नियमन के संबंध में आपत्ति हो तो आम सूचना के 07 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा नियमन कार्यवाही कर दी जावेगी। -उपायुक्त (उत्तर)अजमेर विकास प्राधिकरण,अजमेर

अजमेर विकास प्राधिकरण,अजमेर

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की गणेश गुवाडी योजना के भूखण्ड संख्या जी-247 क्षेत्रफल 50 वर्गगज के आवंटी/अन्तरिति श्री रमेशचन्द्र जीनगर पुत्र श्री मदन लाल जीनगर निवासी सदर बाजार, गंगापुर (भीलवाड़ा) मुख्तयारआम (अपंजीकृत दिनांक 19.4.2023) श्री सम्पतलाल जीनगर पुत्र श्री मदन लाल जीनगर सिविल लाईन अजमेर द्वारा जरिए मुख्त्यारआम के आधार पर लीज डीड हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त लीज डीड जारी किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण में दर्ज करावें। उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदक के नाम जरिए मुख्यत्यानामा के लीज डीड जारी करने की कार्यवाही की जायेगी। - उपायुक्त अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर

Tel. No.: 01462-258665, 257509 E-mail Id: npbeawar@gmail.com

आम सूचना

क्रमांक: 69A/2025-26/8690 दिनांक-14-10-25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती पार्वती देवी पत्नी स्व. घनश्याम निवासी कॉलेज रोड, नेहरू नगर जटिया कॉलोनी, ब्यावर ने 69 ए के तहत आवेदन प्रस्तुत कर नगर परिषद ब्यावर की सीमा में आबादी प्लॉट नं. 140 कॉलेज रोड, नेहरू नगर जटिया कॉलोनी क्षेत्रफल 37.58 वर्गगज का आवासीय पट्टा लेने बाबत आवेदन किया है। अतः उपरोक्तानुसार मिश्रित पट्टा विलेख जारी किये जाने के सम्बंध में किसी को आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के 07 दिवस के अन्दर अन्दर आपत्ति अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। अन्यथा बाद मियाद आपत्ति विचारणीय नहीं होगी। -आयुक्त, नगर परिषद ब्यावर

कार्यालय नगर निगम, अजमेर

क्रमांक: न.नि.अ/भवन /25-26/382 आपत्ति सूचना दिनांक: 14/10/25

श्री अभय कुमार जैन पुत्र स्व. श्री मांगीलाल जैन निवासी 36 संत कुटीर सिध्यांचल वाटिका फॉवर स्टेशन के पीछे धर्मनगर साबरमती अहमदाबाद (गुजरात) द्वारा एक भूखण्ड संख्या 01 जो खाता नं. 393 खसरा नं. 4943 मिन 4945 का भाग है जो वाके श्रीनगर रोड थोक मालियान अजमेर में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 167.20 व.मी. है। भूमि के वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यवसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाएं निम्नानुसार हैं।

पूर्व -आम रास्ता 18 फुट चौडा उत्तर - भूखण्ड ख्या 02

पश्चिम - सम्पति श्री संजय जैन की दक्षिण - आम सडक 40फुट चौडी

अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि किसी भी व्यक्ति / संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 03 दिवस के अन्दर अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राज0

टैलीफोन नम्बर- 01462-230051 गांधी उद्यान-ब्यावर रोड़, बिजयनगर ई-मेल-npvijaynagar@gmail.com

क्रमांक- न.पा.बि./भूमि/2025/4041 आम सूचना दिनांक: 7-10-25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है. कि निम्न वर्णित आवेदक ने कृषि भूमि पर बसी निम्न कोलोनियों में कृषि भूमि नियमन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है, जिन पर नियमानुसार कार्यवाही की जाकर पट्टे दिये जायेगें। अतः इन भूखण्डों के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेजो/प्रमाण के 7 दिवस की अवधि में कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर देवें। समयावधि गुजर जाने के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

क. सं.	आवेदन क्रमांक	आवेदक का नाम	योजना/ग्राम का नाम	खसरा सं.	भू. सं.	क्षेत्र
1	LD/VJNR/2025-26/ 277521	आशा/ देवी लाल साहू	श्याम नगर चौसला बिजयनगर	4021, 4022	31	155.55 वर्गगज

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका बिजयनगर

कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राज0

टैलीफोन नम्बर- 01462-230051 गांधी उद्यान-ब्यावर रोड़, बिजयनगर ई-मेल-npvijaynagar@gmail.com

क्रमांक- न.पा.बि./भूमि/2025/4055 आम सूचना दिनांक: 7-10-25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है. कि निम्न वर्णित आवेदक ने कृषि भूमि पर बसी निम्न कोलोनियों में कृषि भूमि नियमन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है, जिन पर नियमानुसार कार्यवाही की जाकर पट्टे दिये जायेगें। अतः इन भूखण्डों के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेजो/प्रमाण के 7 दिवस की अवधि में कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर देवें। समयावधि गुजर जाने के बाद